वर्ष 2012–13 की विशेष उपलब्धियां (कृषि अभियांत्रिकी)

1. बेरोजगार युवकों में स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने हेतु **"कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहन की राज्य योजना "** नवीन योजना प्रदेश में लागू की गयी । इसके अन्तर्गत निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने हेतु युवाओं को राशि रूपये 10 लाख तक का अनुदान दिया जाता है ,जिससे किसानों को भी उन्नत कृषि यंत्र सुगमता से उपलब्ध हो सकें तथा युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो सके । वर्ष 2012–13 में 67 केन्द्र स्थापित किये गये ।

2. माननीय मुख्यमंत्री जी की स्किल समिट में की गयी घोषणा क्रमांक ए– 2808 के अनुसार कौशल विकास कार्यक्रम अन्तर्गत प्रदेश के 4 संभागों (जबलपुर,भोपाल,ग्वालियर एवं सतना) मे कौशल विकास केन्द्र प्रारंभ किये गये ।

3. प्रदेश में यंत्रीकृत गन्ना कटाई को प्रोत्साहित करने के लिये अनुदान पर 3 गन्ना हार्वेस्टर का प्रदाय किया गया

4. सोयाबीन एवं खरीफ की अन्य फसलों (धान को छोड़कर) को बोवाई के तत्काल बाद की अतिवृष्टि तथा अल्पवर्षा दोनों स्थितियों से बचाने के लिये प्रदेश में रिज–फरो पद्वति के विस्तार हेतु कार्यक्रम बनाया जाकर कृषकों की 50,000 सीड ड्रिलों हेतु रिज फरो अटैचमेंट अनुदान पर उपलब्ध कराये गये ।

5. हलधर योजनान्तर्गत कृषकों के 61125 हैक्टेयर रकबे में गहरी जुताई की गयी ,जिसके फलस्वरूप उत्पादकता में वृद्वि हुयी ।